# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–14.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मिशन मौसम की शुरुआत की। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत मौसम विज्ञान विभाग के 150वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान इस मिशन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने आईएमडी की 150 साल की लंबी यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि यह सिर्फ भारतीय मौसम विभाग की यात्रा नहीं है, बल्कि यह देश में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी की गौरवशाली यात्रा है। उन्होंने कहा कि आईएमडी ने इन 150 वर्षों में न केवल करोड़ों भारतीयों की सेवा की है बल्कि देश की वैज्ञानिक यात्रा का प्रतीक भी बन गया है।

**********

इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईएमडी के 150 साल पूरे होने पर स्मारक सिक्का जारी किया। उन्होंने मौसम लचीलेपन और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिए आईएमडी विजन–2047 दस्तावेज़ भी जारी किया।

**********

झारखंड समेत देश भर में मकर संक्रांति का त्योहार आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मकर संक्रांति का पर्व हेमंत ऋतु के समापन और शिशिर ऋतु के आगमन का प्रतीक है। आज से ही दिन की अवधि बढ़ने लगती है। इस त्यौहार को देश के विभिन्न भागों में अलग–अलग नामों से जाना जाता है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत अन्य राष्ट्रीय नेताओं ने देशवासियों को इस खास दिन की शुभकामनाएं दी हैं।

**********

इधर, राजधानी रांची समेत राज्य के अन्य हिस्सों में भी मकर संक्रांति का उत्साह लोगों में दिख रहा है। लोग जलाशयों में स्नान के बाद दान की परंपरा का निर्वाह कर रहे हैं। रांची के पहाड़ी मंदिर में आज अहले सुबह से ही श्रद्धालु पूजा–पाठ कर रहे हैं। साहिबगंज, दुमका, देवघर समेत राज्य के विभिन्न इलाकों में भी मकर संक्रांति पर लोग स्नान–दान कर रहे हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को मकर संक्रांति की बधाई दी है।

**********

जमशेदपुर में मकर संक्रांति का पर्व पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

**********

धनबाद जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निर्देशानुसार किसान चौक और मैथन के पास बिना रिफ्लेक्टिव टेप वाले वाहनों में टेप लगाई गई, साथ ही चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए पंपलेट वितरित किए गए। एमवीआई शुभम कुमार ने रिफ्लेक्टिव टेप को सड़क दुर्घटना रोकने में महत्वपूर्ण बताया।

**********

राजधानी रांची समेत राज्य भर में पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखने लगा है। राजधानी समेत कई जिलों में आसमान में बादल छाने से न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की गयी है। इससे ठंड से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने 18 जनवरी तक आसमान में आंशिक बादल छाये रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

**********

महिला हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब ने श्राची रार बंगाल टाइगर्स को चार–एक से हराया। आज रांची में दिल्ली एसजी पाइपर्स का सामना श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स से होगा। यह मैच शाम छह बजे शुरू

होगा। श्राची रार बंगाल टाइगर्स पर जीत दर्ज करने के बाद सूरमा हॉकी क्लब की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि उनकी टीम ने खेल पर अपनी पकड़ बनाए रखी और गोल करने के कई मौके बनाए।

साउंड बाइट – सलीमा टेटे – 28 सेकेंड

********समाप्त**********